दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 165 मुरादाबाद, 04 October 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना काल में शहीद पत्रकारों की याद में बने शहीद स्मारक का लोकार्पण, कई गणमान्यों ने दी श्रद्धांजलि

एनएमसी के अध्यक्ष पंकज पाराशर ने बताया कि यह स्मारक त्रिकोणीय आकार का है, जिसके गोलाकार आधार पर तीन मुख हैं। इसकी ऊंचाई छह मीटर है। त्रिकोणीय मीडिया की तीन धाराओं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल को संदर्भित करती है... कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए देशभर में 497 पत्रकारों की मृत्यु हो गई थी। उन पत्रकारों की याद में नोएडा के सेक्टर-72 स्थित स्मृति वन में राष्ट्रीय स्मारक स्थापित किया गया है। इसका लोकार्पण सोमवार को किया गया। लोकार्पण अमर उजाला के सलाहकार संपादक विनोद अग्निहोत्री, दैनिक जागरण के समूह संपादक विष्णु त्रिपाठी और यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने किया। बड़ी संख्या में पत्रकार, राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में इस स्मारक का लोकार्पण किया गया। सभी ने शहीद पत्रकारों को पुष्प चढ़कर चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। 11 बजे से शाम तीन बजे तक शहीद पत्रकारों को श्रद्धांजलि देने के लिए हवन यज्ञ किया गया। यह स्मारक त्रिकोणीय आकार का है, जिसके गोलाकार आधार पर तीन मुख हैं। इसकी ऊंचाई छह मीटर है। त्रिकोणीय मीडिया की तीन धाराओं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल को संदर्भित करती है। पूरा स्मारक काले संगमरमर से बना है, जो दिवंगत साथियों को हार्दिक श्रद्धांजलि का प्रतीक हैािर्टंग के लिए जाना होता है।

## जातीय जनगणना की मांग पर विपक्ष को PM की दो टूक, जितनी आबादी, उतना हक पर हिंदू-मुस्लिम की संख्या से जोड़ा



छत्तीसगढ़ में कभी भी विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो सकता है। इसे लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इसी कड़ी में भाजपा के चुनावी प्रचार को धार देने पीएम मोदी आज जगदलपुर पहुंचे। यहां उन्होंने भ्रष्टाचार कानून और व्यवस्था बेरोजगारी और धान किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (Prime Minister Narendra Modi) ने आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कानून और व्यवस्था, भ्रष्टाचार और जाति आधारित जनगणना कराने की मांग समेत कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। कांग्रेस के राज में चारों तरफ हो रहा भ्रष्टाचार~ क्क्रू मोदी पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के राज में छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है। चारों तरफ भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने जाति आधारित जनगणना की मांग करने वालों को भी करारा जवाब दिया। कांग्रेस ने सिर्फ पांच वर्ष में छत्तीसगढ़ की जो हालत कर दी है, उसे पूरा देश देख रहा है। कांग्रेस के विधायकों और मंत्रियों ने जो कारनामे यहां किए हैं, उससे हर कोई त्रस्त है। चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोल बाला है। छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्यों में पहुंच चुका है। कभी-कभी लगता है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में स्पर्धा चल रही है कि कहां सबसे ज्यादा हत्याएं होती है, कहां सबसे ज्यादा लूट होती है, कहां सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार होते हैं... छत्तीसगढ़ में विकास या तो पोस्टरों और बैनरों में दिखता है, या तो कांग्रेस के नेताओं की तिजोरी में दिखता है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को सिर्फ दिया है- झूठा प्रचार और घोटालेबाज सरकार। इसलिए आज छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है, अउ नइ सहिबो बदल के रहिबो। कांग्रेस की तुलना में भाजपा सरकार आदिवासी समाज के लिए पांच गुना ज्यादा बजट देती है। अगर वो एक रुपया देते थे, तो हम पांच रुपया देते हैं और अगर वो 100 रुपया देते हैं, तो हम 500 रुपया देते हैं। भाजपा सरकार ने ही 15 नवंबर यानी बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस% घोषित किया। हमारी सरकार आदिवासी सेनानियों और क्रांतिवीरों को समर्पित स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम बनवा रही है। हमने जनजातीय छात्राओं को दी जा रही छात्रवृत्ति को ढाई गुना कर दिया है। आज नगरनार में बहुत बड़े और देश के आधुनिकतम स्टील कारखाने का लोकार्पण हुआ है। जिस पर छत्तीसगढ़ की जनता को गर्व हो रहा है, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार को नहीं हो रहा है। इतना बड़ा कार्यक्रम अभी हुआ है लेकिन छत्तीसगढ़ कांग्रेस का न तो मुख्यमंत्री आया न ही उपमुख्यमंत्री आया। यहां तक कांग्रेस का एक भी मंत्री कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ। इसके दो कारण हैं- पहला: उनको सरकार जाने की इतनी चिंता है कि वह सरकार बचाने में लगे हैं। दूसरा: ये मोदी है और कोई आकंठ भ्रष्टाचारी मोदी से आंख नहीं मिला सकता है, इसलिए वो आने से डरते हैं, भाग जाते हैं। खदान में से कांग्रेसी जो माल खाते थे, उस पर मोदी ने ताला लगा दिया, इसलिए वो छटपटा रहे हैं। आज भी इन्होंने झूठी बातें फैलाईं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में आपने यहां आकर उन्हें तमाचा मारा है। बस्तर के मेरे नौजवानों इनका इरादा समझिए...झूठी बातें फैलाकर ये स्टील प्लांट हड़पना चाहते हैं। स्टील प्लांट को ये कांग्रेसी अपने बच्चों और रिश्तेदारों की तिजोरी भरने का माध्यम बनाना चाहते हैं। लेकिन मोदी ये नहीं होने देगा क्योंकि स्टील प्लांट के मालिक बस्तर के लोग हैं। मैं किसी कांग्रेसी को इस प्लांट का मालिक नहीं बनने दूंगा। कांग्रेस, छत्तीसगढ़ के धान किसानों को धान की कीमतों के नाम पर धोखा दे रही है, झूठ बोल रही है। सच्चाई ये है कि यहां के धान किसानों का दाना-दाना केंद्र सरकार खरीदती है। भाजपा सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये छत्तीसगढ़ के धान किसानों को दिए हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद यहां के धान किसानों का पूरा-पूरा ध्यान रखने की गारंटी देता है मोदी। कांग्रेस भ्रष्टाचार के सबसे बड़े भुक्तभोगी हमारे नौजवान हैं। कांग्रेस ने युवाओं को नौकरी देने का वादा किया, लेकिन नौजवानों की नौकरी में ही घोटाला कर दिया। कांग्रेस के नेताओं ने पीसीएस भर्तियों में अपने बच्चों और रिश्तेदारों को सेट कर दिया। इनकी पार्टी तो राजनीति में भी अपने ही बच्चों को सेट करती है और नौकरियों में भी यहीं करती है। कांग्रेस ने लोकतंत्र को लूटतंत्र बनाया है और प्रजातंत्र को परिवारतंत्र बना दिया है। भाजपा सरकार बनते ही पीसीएस घोटाले की जांच होगी। गुनहगार कितना भी ताकतवर हो, मोदी उसको जेल में डालकर ही रहेगा। हर नौजवान और सरकारी कर्मचारी को पूरा न्याय मिलेगा। कल से कांग्रेस के नेता कह रहे हैं जितनी आबादी, उतना हक... मैं सोच रहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह क्या सोच रहे होंगे। वो कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है... लेकिन अब कांग्रेस कह रही है कि समुदाय की आबादी तय करेगी कि देश के संसाधनों पर पहला हक किसका होगा.. तो क्या अब वे (कांग्रेस) अल्पसंख्यकों के अधिकारों में कमी करना चाहते हैं? क्या वे अल्पसंख्यकों को हटाना चाहते हैं?... तो क्या सबसे बड़ी आबादी वाले हिंदुओं को आगे आना चाहिए और अपने सभी अधिकार लेने चाहिए? क्क्रू स्थ्स्त्रद्ध ने छत्तीसगढ़ को दी बड़ी सौगात पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ में 26 हजार करोड़ रुपये अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने नगरनार में एक स्टील प्लांट का उद्घाटन भी किया।

## छापे हारती हुई भाजपा की निशानी...' NewsClick के पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई पर अखिलेश यादव ने कुछ यूं कसा तंज





चीन से फंडिंग मिलने के आरोपों में मंगलवार सुबह से न्यूजक्लिक से जुड़े कई पत्रकारों के ठिकानों पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल छापेमारी कर रही है। कुछ पत्रकारों को गिरफ्तार भी किया गया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एक वीडियो शेयर करते हुए मोदी सरकार पर सोशल मीडिया हैंडल के जरिए तंज कसा है। चीन से फंडिंग मिलने के आरोपों में मंगलवार सुबह से न्यूजक्लिक से जुड़े कई पत्रकारों के ठिकानों पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल छापेमारी कर रही है। अब इस मामले में सियासी गलियाओं में भी चर्चा तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एक वीडियो शेयर करते हुए मोदी सरकार पर सोशल मीडिया हैंडल के जरिए तंज कसा है। अखिलेश ने कहा- छापे हारती हुई भाजपा की निशानी हैं।अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना- सपा मुखिया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा- ये कोई नयी बात नहीं है ईमानदार खबरनवीसों पर भाजपाई हुक्मरानों ने हमेशा छापे डाले हैं लेकिन सरकारी प्रचार-प्रसार के नाम पर कितने करोड़ हर महीने मित्र चैनलो को दिये जा रहे हैं ये भी तो कोई छापे!समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा की गई रेड के दौरान कई पत्रकारों से पूछताछ भी की गई है। सेल की टीम ने न्यूजक्लिक वेबसाइट से जुड़े कई पत्रकारों के दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में स्थित घर पर रेड की है। इस दौरान यूएपीए (UAPA) की धाराओं के तहत ऑनिन्द्यो चक्रवर्ती, उर्मिलेश और अभिसार शर्मा को हिरासत में लिया गया है।

## जम्मू-कश्मीर को 100 फीसदी ओडीएफ प्लस का दर्जा: शाह ने जताई खुशी, कहा- 370 हटने के बाद पेश की स्वच्छता की मिसाल



केंद्र सरकार की ओर से कार्यान्वित योजनाओं को अब जम्मू-कश्मीर के कोने-कोने तक निर्बाध रूप से बढ़ाया जा रहा है। पूरे देश के लोगों और जम्मू-कश्मीर में रहने वाले लोगों ने इस क्षेत्र में आए परिवर्तनकारी बदलाव का अनुभव किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर ने विकास और प्रगति में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि देश में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान एक और उल्लेखनीय उपलब्धि में जम्मू-कश्मीर ने 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल करने के लिए हार्दिक बधाई। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर ने विकास और प्रगति में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। केंद्र सरकार की ओर से कार्यान्वित योजनाओं को अब जम्मू-कश्मीर के कोने-कोने तक निर्बाध रूप से बढ़ाया जा रहा है। पूरे देश के लोगों और जम्मू-कश्मीर में रहने वाले लोगों ने इस क्षेत्र में आए परिवर्तनकारी बदलाव का अनुभव किया है। उपराज्यपाल को दी बधाई- गृह मंत्री ने कहा, मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और स्थानीय प्रशासन को हार्दिक बधाई देता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री ने यह जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के एक ट्वीट पर कही। सिन्हा ने 29 सितंबर को ट्वीट किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 100 प्रतिशत जम्मू-कश्मीर यूटी गांवों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 'मॉडल' श्रेणी में ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल किया है।

## बिहार के बाद पश्चिमी यूपी से उठी प्रदेश में जाति गणना की मांग, लक्ष्मीकांत वाजपेयी बोले- आंकड़े अविश्वसनीय



बिहार में जाति गणना के आंकड़े जारी होने के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसकी मांग उठनी शुरू हो गई। पश्चिमी यूपी के कई बड़े नेताओं ने प्रदेश में भी जातिगत गणना कराने की मांग को समर्थन दिया। वहीं भाजपा नेता लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने आंकड़े अविश्वसनीय बताए हैं।बिहार में जाति गणना के आंकड़े जारी होने के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसकी मांग उठनी शुरू हो गई। सोमवार को राजनीतिक दलों ने प्रदेश में जाति जनगणना की वकालत करते हुए कहा कि इसके आधार पर ही तय हो सकता है जिसकी जितनी जनसंख्या हो उसे उतनी भागीदारी मिले।वहीं बिहार की जातीय गणना पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने आंकड़ों को अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि मैं नितीश सरकार से सवाल करना चाहता हूं कि उन्होंने कितनी नौकरियां निकालीं और कितने युवाओं को वर्ग के आधार पर रोजगार दिया। जाति जनगणना होनी चाहिए। इससे दूध का दूध पानीका पानी हो। जनसंख्या के आधार पर लोगों को अधिकार मिलेंगे। सभी एकसमान होंगे। बगैर जाति जनगणना के महिला आरक्षण बिल का भी कोई अस्तित्व नहीं है। - मोहित आनंद, जिला अध्यक्ष, बसपा हमारी पार्टी जातिगत जनगणना के समर्थन में है। उत्तर प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए। सरकार को तत्काल उत्तर प्रदेश राज्य की भी जनगणना शुरू करानी चाहिए। - मतलूब गौड़, रालोद जाति जनगणना समाजवादी पार्टी की पुरानी मांग है।

## मंत्री संजीव बालियान का समर्थन: ओमप्रकाश राजभर बोले- यूपी बड़ा प्रदेश, चार भागों में हो बंटवारा



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर बलिया पहुंचे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने मंत्री संजीव बालियान के बयान का समर्थन किया और उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटे जाने की वकालत की।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने भाजपा सांसद संजीव बालियान के उस बयान का समर्थन किया है जिसमें पश्चिमी यूपी को अलग प्रदेश बनाने की मांग की है। बलिया स्थित पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि पहले भी पूर्वांचल, बुंदेलखंड और हरित प्रदेश की मांग उठती रही है। उत्तर प्रदेश बड़ा प्रदेश है। हम इसके चार भागों में बंटवारे के पक्षधर हैं। बिहार में हुई जातीय जनगणना पर सुभासपा प्रमुख ने कहा हमें इसमें दो चीजें देखने को मिली हैं। इसमें 36 फीसदी आंकड़ा अति पिछड़ी का है। सामाजिक न्याय की दुहाई देने वाले लालू प्रसाद यादव और नितीश कुमार ने 36 फीसदी के साथ भेदभाव किया। इन लोगों ने 36 फीसदी को सामाजिक न्याय के दायरे में लाकर आज तक मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं पहुंचाया। बिहार की जातिगत जनगणना में राजभरों के साथ अन्याय- आठ बार नीतीश कुमार, दो बार लालू यादव और उनकी पत्नी भी मुख्यमंत्री रही हैं। ये सामाजिक न्याय नहीं होता है। मैं बिहार के 26 जिले में घूमा हूं। वहां बड़ी संख्या में राजभर हैं।15 से 12 हजार की संख्या में एकत्र होते हैं। जातिगत जनगणना में इनका आंकड़ा प्रतिशत में भी नहीं आया है। इससे स्पष्ट है कि जो जातियां राजनीति में हैं उनकी तो गिनती अच्छे से हो गई। सुभासपा प्रमुख ने कहा कि जो राजनीति में नहीं हैं उनकी गणना किसी से पूछ कर लिख दी गई है। बिहार में राजभरों के साथ अन्याय हुआ है। जनगणना में त्रुटि हुई है। बीजेपी के खिलाफ मुसलमानों में नफरत भरी गई ओमप्रकाश राजभर ने मुसलमानों के भाजपा के साथ आने पर कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस ने बीजेपी के खिलाफ मुसलमानों में नफरत भरी है। भाजपा ने आयुष्मान कार्ड, निशुल्क राशन, किसान सम्मानि निधि सभी योजनाओं का लाभ दिया है। ये लाभ किसी की जाति और धर्म पूछ कर नहीं दिया गया है।

## संपादकीय Editorial

### 'Guddi ke Lal' medalist

In sports, 'Guddi ke Lal' are also the heroes and warriors of the country. They also play for the country and its prestige. They mostly come from ordinary families, hence after rising from the soil of the country and the difficulties of life, they become 'champions' and 'medal warriors'. The country is also grateful to him and bows down in gratitude. In the ongoing Asian Games 2022 in Hangzhou, China, many 'Guddi ke Lal' of India have emerged, whose skilled games have filled India's bag with 15 medals including 3 gold medals in a single day. We are talking about the sports events of last Sunday, October 1st. First of all, Avinash Sable's face floats before the eyes. He created history by completing the 3000 meter long hurdles race in just 8 minutes 19.50 seconds. He is the first gold medal winning male player of this game. Once in 2010, Sudha Singh had won the gold medal in the same women's event in the Guangzhou Asian Games. Apart from these, India's achievements in this sport so far have been 'zero'. Sable started the sport of 'hurdles' in 2015 and in a span of just 8 years, today he is a champion player of 'Commonwealth Games' and 'Asian Games'. He has also become a world class runner. Last year itself, Sable had shocked big countries by winning a silver medal in the Commonwealth Games. Now Sable has become the winner by defeating two Japanese players in the Asian Games. The country is proud of such pride and skill.

Now Sable has also got the ticket for Paris Olympics, 2024. After Sable, we also want to salute the talent and meaningful hard work of those shooters who have set an Asian record by winning 7 gold, 9 silver and 6 bronze, i.e. a total of 22 medals. On Sunday, the Indian trio – Prithviraj, Zorawar, Chenai – had targeted the 'yellow medal'. The daughters of the country are also involved in shooting, who wore 'gold medals' around their necks. We have discussed them. Like Sable, Murali Srishankar won silver for India by jumping 8.19 meters in the long jump. Like Sable, he too is 'Guddi ke Lal' and comes from a very poor family background. Such players are truly 'warrior diplomats' of the country. Undoubtedly Tejinderpal Singh Toor is the Asian and record holder champion of the game of 'shot throw'. This time, despite lagging behind in the game, he not only won the 'gold medal' of this event, but also surprised all his rivals by throwing the shot at a distance of 20.36 meters.

In a similar game, 'Discus Throw', 40-year-old Seema Punia won the bronze medal for the third consecutive time and declared that she will not let India lose for the time being. Among women, Harmilan Bains won silver medals in 1500 meter race, Jyoti Yaraji in 100 meter hurdles and Ajay Kumar Saroj won silver medal in men's 1500 meter race. Although China tried unsuccessfully to create some foul play in Jyoti's case, the judges awarded the medal to India. The color of bronze was changed to silver. All these players are 'Guddi ke Lal' for India, hence they are amazing and unique. He has given greater heights to the pride, fame and glory of the country. It is very important to mention golfer Aditi Ashok in the Asian Games. Aditi is the first and only Indian golfer to win a silver medal in these games. He has won a medal for India in an individual golf event after 21 long years. After almost 37 long years, India has also won the silver medal of badminton men's team. In Asia itself, India's badminton game could never recover under the shadow of powerful and powerful countries like China, Japan, Korea, Malaysia. Today HS Prannoy, Lakshya Sen, Kidambi Srikanth, Chirag-Satwik are the ranked players in the world. Some more names may be left out in the list of 'Gudri Ke Lal', because the space is

# Danger of radicalism increased in panicked Pakistan

Strategic analysts have been writing a lot on the situation in Pakistan in terms of what is happening to them in view of the ongoing criminal cases against Imran Khan with the support of enemy forces and thinking that the country - clearly an economic In trouble - where was he? Led. They are also trying to analyze the impact of all this on India. There is no doubt that the adage of 'America, Army and Allah' was still in use in Pakistan and understanding its nuances would go a long way in properly assessing the situation in India's neighbourhood. Imran Khan has been an Islamic fundamentalist at heart and he has not tried to put any 'cover' on it. Imran Khan has been an Islamic fundamentalist at heart and he has not tried to put any 'cover' on it. And third, their political base is in Khyber Pakhtunkhwa (KP) – formerly NWFP – which was historically the center of the anti-Western Wahhabi 'insurgency' on the war cry of jihad in the mid-19th century. This jihad was part of a larger movement simultaneously affecting Algeria, Arabia and the Indian subcontinent, which was carried out under the guidance of several prominent ulama of the time, including Abdul Wahab. Although suppressed by the British, it also influenced the NWFP-Afghanistan belt. Highly radicalized – It is the imprint of this past that gave a radical direction to the Pakistan Tehreek-e-Insaf (PTI) formed by Imran Khan, which largely held the Pashtun home ground of KP. , Tehreek-e-Taliban Pakistan (TTP), of course, holds the real historical legacy of Wahhabi jihad and is therefore intrinsically against the US and is also hostile towards the Pak military establishment because of its perceived closeness to the US administration. Therefore, it is not surprising that in the current political scenario in Pakistan, Imran Khan's party and the radical TTP are found standing on the same side. The internal scenario in Pakistan has traditionally depended on the political role of the Pak Army-ISI alliance which Determines the equation between the latter and the spectrum of political parties. The army's stature and legitimacy stemmed from its claims to be Pakistan's protector against external threats, particularly threats to India-Pakistan relations, including the 'dispute' regarding Kashmir. The last time an army coup took place in Pakistan was when General Pervez Musharraf confronted Prime Minister Nawaz Sharif in the wake of the Kargil war and ousted the civilian government in a bloodless coup in October 1999. After Musharraf declared martial law in Pakistan in 2007, a rare unity of purpose was seen among the political parties in Pakistan, mainly PPP and PML, who moved for the impeachment of President Musharraf and ultimately led to the situation. In which Musharraf also left Pakistan to seek exile in October 2008. in London. The Musharraf saga prompted the Pakistan Army to maneuver instead of confronting political parties and prefer a self-made politician like Imran Khan instead of hardline leaders from PPP and PML in the 2018 elections. The military in Pakistan has since become a backhanded player in Pakistani politics and has recently increased its role as a stakeholder in Pakistan's economic development to further enhance its authenticity power. In April 2022, the success of the no-confidence motion against Imran Khan led to Nawaz Sharif's brother Shehbaz Sharif becoming Prime Minister, who maintained good relations with the Pakistan Army. He dissolved Parliament before the completion of its five-year term in August 2023 and handed over governance to an interim government. However, there is uncertainty over the timing of general elections in Pakistan as the army has once again emerged as the arbiter of Pakistan's political future. The Pak Army had already endeared itself to the US by pretending to act as a mediator between the Taliban and the US in Doha, at a time when the Joe Biden administration is desperately trying to fulfill its promise of withdrawing US troops from Afghanistan. was required. Pakistan managed to re-establish the Taliban Emirate in Kabul in February 2021, gaining a definite strategic edge over India in Afghanistan. When Imran Khan was in power, he betrayed his anti-American, fundamentalist and pro-people stance and later directly accused the US of being behind his ouster from power, which led to the Pakistan Army - Always known as the right side of America - also left behind. Against him. The political environment of Pakistan currently pits PML and Pak Army's Shahbaz Sharif against the US side and Imran Khan's PTI.

# Guinea pigs: Editorial on excessive use of Indians in global clinical trials

One would have assumed that the modern healthcare sector would be an example when it comes to maintaining ethics. But sadly, this is not always the case: the section is replete with examples of crimes. Take, for example, recent findings concerning the disproportionate – unfair – distribution of volunteers in many of the hundreds of clinical trials being conducted around the world to evaluate candidate drugs. According to the study published in PLOS One, 26 out of 424 global clinical trials sponsored by foreign institutions recruited Indians in greater numbers as trial volunteers between 2013 and 2020. Even though more than 60% of the volunteers were from India, the ideal percentage should not exceed 50%. Most of these participants were recruited to evaluate drugs to treat diseases such as asthma, bacterial infections and cancer, which account for a large share of the disease burden in India. But 18 of the 20 incomplete trials were related to disorders that are not "preferably prevalent" in the country. Many of the sponsors of these medical trials are from densely populated countries such as Brazil and Russia, which could have found volunteers from within their borders. The findings thus suggest that the ethical boundaries that must be respected during medical trials may not be as stringent. It is noteworthy that India has emerged as a preferred pharmaceutical hub due to factors like large genetic pool population, streamlined approval process, high disease burden and low operating costs. But its rise as a pharmaceutical destination has been hampered by easy access to poor and uneducated patients as well as loose regulations. Ethical flaws also highlight a medical challenge. The Cape Town Statement, the outcome of global discussions on research integrity, envisions the inclusivity and diversity of medical volunteers as a cornerstone of quality medical research because overreliance on a single population base or ethnic group limits outcomes. The employment of large numbers of Indians as volunteers may limit the effectiveness of candidate drugs in specific constituencies. This does not mean that indigenous drug testing practices are meticulous. While volunteer registration has increased in India, compensation for their participation has decreased. Worryingly, a 2019 government report said that around 88 subjects have died due to side effects in clinical trials in the last four years. Year. There is a clear lack of transparency in domestic medical trial data: surprisingly, a 2022 report revealed that India's Clinical Trial Registry is staffed with 'ghost employees'. Public health should not be compromised in the pursuit of developing medicines in India or abroad for the greater good.

## World Cup Trophy in Himachal

Even though tourists are coming to Dharamshala to find entertainment in the list of five matches to see how Himachal fares in the Cricket World Cup, what does Himachal tourism want to achieve from this? It would be considered delay in preparations and weakness of tourism leadership that when the Sukhu government is giving Kangra the title of tourist capital, this event should not pass by the edge of possibilities. Organizing five matches of the World Cup simultaneously is dawning hopes on the tourism sector of the state. Instead of helping the disaster stricken state, it received blame and as a result, those who repented wrote a big drought of tourism. In such a situation, the Cricket World Cup is not only bringing joy but is also giving strong publicity for the tourism of Himachal. While Himachal is getting ready again with the glory of nature in its soul, it is giving a new name and a new place to sports tourism through cricket matches. If the trophy rotating in Dharamshala for the World Cup series is a pride, then in the mention of these matches it is also being named along with the figures of the country and big cities associated with the traditions of cricket. The surprising thing is that every time international matches pass like a legend and this state loses this content of tourism by becoming unknown. Dharamshala Cricket Stadium, which has been measuring its existence for almost two decades, garlands Himachal with its merits, but these flowers never became plants. Of course, the city adapted itself to the sporting extravaganzas, but the smart city projects could not even understand how to fulfill the economic destiny of the city through the cricket bridge. If we develop mega parking, tourist entertainment center and tourism market around the stadium, then a model will automatically be created. If former Chief Minister Prem Kumar Dhumal once called the place a sports city or the present Sukhu government is looking for signs of a tourism capital here, then this feeling will have to be promoted on the lines of an event city. This city, which is the sub-capital of the state, sports city, tourism capital, capital of Tibet's government in exile and Mecca of cricket, can provide publicity and economic base to the entire Himachal, provided this place is given a new name. This time also many sports lovers will come. They will come from different entry points, but will we dispose of them and return them within a day. Have we thought about how and for what reason to take the tourists coming under the pretext of sports to the entire state? If there was a gathering in Atal Tunnel, then it will be held in Dharamshala tomorrow, but which tourist did we choose and permanently associate with it. Dharamshala could be an example. Be it cricket or Atal Tunnel, under the pretext of new construction, at some places technology became attractive and at other places people became fascinated with the thrill of cricket. Tourists want to be attracted to Himachal, but we are coating our own city with concrete .

## मुरादाबाद में महसूस किए गए भूकंप के झटके, घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकले लोग



मुरादाबाद- महानगर में भूकंप के दो बार झटके लगने से लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप से लोग दहशत में दिखे। फोन कॉल करके अपने परिचित और रिशतेदारों का हालचाल जाना।

कक्षाओं से छात्र-छात्राएं भी बाहर निकल आए। भूकंप के झटकों से छत में लगे पंखे और बेड भी हिलने लगे। रिक्टर स्केल पर पहले झटके की तीव्रता 4.6 रही और दूसरे झटके की तीव्रता 6.2 रही। पहला झटका 2=52 मिनट पर और दूसरा झटका 2= 53 मिनट पर आया। भूकंप के झटके आने पर कंपोजिट विद्यालय गांधी पार्क से बाहर निकल कर आए बच्चे और शिक्षक। मंगलवार दोहपर अधिकांश लोग अपने घरों में थे। इस बीच चारपाई और बेड हिलने लगे। लोग एकाएक अपने घरों से बाहर निकल आए। घर में दूसरे कमरों में मौजूद लोगों को भी बताया कि भूकंप आ गया, बाहर आ जाओ। गली में लोगों की भीड़ लग गई और आपस में चर्चा करने लगे। भूकंप से धरती ही हिल गई। इतना तेज भूकंप रहा कि घर के दरवाजे और खिड़की हिल गए। काफी देर तक लोग अपने घरों से बाहर ही रहे। डॉ. आरके सिंह मौसम वैज्ञानिक कृषि विश्विवद्याल पंतनगर ने बताया कि भूकंप का केंद्र नेपाल में बझांग जिले में रहा। भूकंप की तीव्रता काफी थी, इससे किसी नुकसान की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## यूपी एटीएस: आतंकी पहले भी मुरादाबाद को बना चुके हैं ठिकाना, अब अरशद वारसी के नेटवर्क में शामिल युवकों की तलाश




मुरादाबाद -दिल्ली पुलिस के आईएस आतंकी अरशद वारसी की मुरादाबाद से गिरफ्तारी के बाद स्थानीय खुफिया तंत्र अलर्ट हो गया है। इसके बाद यूपी एटीएस समेत अन्य एजेंसियां अरशद वारसी के नेटवर्क की तलाश शुरू कर दी है। इससे पहले भी जिले में कई आतंकी अपना ठिकाना बना चुके हैं।मुरादाबाद को आतंकी लगातार अपना ठिकाना बना रहे हैं। आईएस के आतंकी अरशद वारसी की जिले से गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर से इसकी तस्दीक हुई है। इससे पहले लश्कर-ए-ताइबा के आतंकी फरहान और हिजबुल के संदिग्ध आतंकी अहमद रजा की भी जिले से गिरफ्तारी हो चुकी है। मुगलपुरा थाना क्षेत्र से 27 अक्तूबर 2017 को आईबी, एटीएस और पुलिस की संयुक्त टीम ने गोधरा कांड के आरोपी और लश्कर-ए-ताइबा के सदस्य फरहान को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि उसे छह अगस्त 2007 को दिल्ली की स्पेशल टीम ने पोटा मामले में गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई थी। 2009 में दिल्ली हाईकोर्ट से वह जमानत पर छूट गया। कोर्ट ने उसका पासपोर्ट जब्त करने के साथ विदेश जाने पर रोक लगाई थी। सिद्धार्थनगर जनपद के शोहरतगढ़ निवासी फरहान मुरादाबाद आ गया था। वह मुगलपुरा क्षेत्र में किराये का मकान में रह रहा था। यहीं रहते हुए उसने ड्राइविंग लाइसेंस और राशन कार्ड बनवा लिए थे। इन दस्तावेजों से ही उसने पासपोर्ट और वीजा बनवाकर कुवैत भी गया था। इसके अलावा मूंढापांडे के मिलक गुलड़िया निवासी अहमद रजा उर्फ शाहरुख जयपुर स्थित मदरसे में पढ़ाई करने गया था। दीनी तालीम लेने के बाद वहीं मदरसे में पढ़ाने लगा था। इसी दौरान वह हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी फिरदौस निवासी अनंतनाग (जम्मू कश्मीर) के संपर्क में आ गया था। उसने अनंतनाग जाकर हथियार चलाने की ट्रेनिंग ली थी। तीन अगस्त 2023 को एटीएस ने उसे गिरफ्तार किया था। इसके अलावा तेलंगाना में म्यांमार का रहना वाला रोहिंग्या भी पकड़ा गया था। पुलिस ने उसके पास से एक पासपोर्ट बरामद किया था। ये पासपोर्ट कांठ थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर चैंदरी के पते पर बनवाया था। आरोपी इसी पासपोर्ट की मदद से सऊदी अरब की यात्रा करके आया था। इस मामले में तेलंगाना पुलिस के दरोगा ने कांठ थाने में केस भी दर्ज कराया था। अब तक उसके मददगार नहीं पकड़े गए हैं। इतना नहीं रोहिंग्या महिला ने मुरादाबाद में अपना ठिकाना बना लिया। म्यांमार निवासी रोहिंग्या महिला फातिमा उर्फ अमीना उर्फ मोटी, उसकी बेटी रिहाना, गुलशन और अर्शी पकड़ी गई थीं। यहां आने पहले महिला 17 साल तक मेरठ में ठिकाना बनाकर रही थी।

### कुछ संदिग्ध लोगों को चिह्नित किया

दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के बाद स्थानीय खुफिया तंत्र के अलावा यूपी एटीएस भी अलर्ट हो गई है। इनपुट मिलने के बाद टीमों ने अरशद वारसी का मुरादाबाद में नेटवर्क की तलाश शुरू कर दी है। आतंकी यहां किसके संपर्क में था। उसके साथ कौन कौन लोग थे। इसकी जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। टीमों ने कुछ संदिग्ध लोगों को चिह्नित किया है। जिसके बारे में टीमें जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा के मोबाइल की कॉल डिटेल के अलावा सोशल मीडिया एकाउंट भी खंगाले जा रहे हैं।




## दसवां घाट रामलीला मैदान का गेट जर्जर हालत में, हो सकता है हादसा...कमेटी के पदाधिकारियों ने सीएम से लगाई गुहार

मुरादाबाद- नाले का एप्रोच बनवाने व सफाई कराने की मांग, नगर निगम के अधिकारियों पर लगाया उपेक्षा का आरोप प्राचीन श्री रामलीला पुराना दसवां घाट कमेटी के अध्यक्ष, महामंत्री का कहना है कि नागफनी क्षेत्र के पुराना दसवां घाट रामलीला मैदान का गेट काफी जर्जर हालत में है। इससे रामलीला मंचन के दौरान किसी हादसे से बड़ी जनहानि हो सकती है। लेकिन इस पर नगर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे व्यथित कमेटी के अध्यक्ष यथार्थ किशोर और महामंत्री आदित्यवीर शास्त्री ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उनसे गुहार लगाई है। कमेटी के प्रवक्ता



धर्मेंद्र यादव ने बताया कि पुराना दसवां घाट रामलीला मैदान में प्राचीन श्री रामलीला कमेटी द्वारा 50 वर्षों से रामलीला का मंचन कर समाज को नई दिशा प्रदान करने के लिए अच्छाई और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया जाता है। इस बार भी 13 से 28 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। लेकिन रामलीला मैदान का प्रवेश द्वार काफी जर्जर हालत में है, इससे कभी भी हादसा हो सकता है। वहीं नाले में गंदगी है, इसकी सफाई नहीं कराई गई है। बहुत कहने पर नाला निर्माण हुआ लेकिन इसका एप्रोच नही बना जिससे नाले में किसी के गिरने का डर है क्योंकि यहां की रामलीला देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। पदाधिकारियों का आरोप है कि नगर निगम के अधिकारियों को पत्र देने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री से रामलीला मैदान में नगर निगम की ओर से पर्याप्त व्यवस्था कराने की मांग पदाधिकारियों ने की है। जिससे रामलीला का मंचन बेहतर तरीके से हो सके।

## हैवानियत: भोजपुर में बच्चे का शव गन्ने के खेत में मिला, टुकड़े-टुकड़े करने की कोशिश की आशंका



मुरादाबाद- भोजपुर थाने के सिडलऊ नजरपुर मिलक गांव से आठ वर्षीय बच्चा तीन दिन पहले लापता हा गया था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। गांव वालों का उसका शव खेत से मिला। पुलिस ने बताया कि एक महिला समेत अन्य से पूछताछ चल रही है। भोजपुर थाना क्षेत्र में सिडलऊ नजरपुर मिलक गांव से तीन दिन से लापता 8 वर्षीय बच्चे की हत्या कर दी गई। सोमवार शाम उसका शव गांव के पास ही गन्ने के खेत में पड़ा मिला है। बच्चे के शरीर पर कई जगहों पर कटने के निशान बने हैं।

गले पर जख्म से माना जा रहा है कि गला घोंटकर बच्चे को मौत के घाट उतार गया है पुलिस एक महिला समेत कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। भोजपुर के सिडलऊ नजरपुर मिलक निवासी मोहम्मद यूसुफ मजदूरी करता है। परिवार में पत्नी कौशर जहां, तीन बेटे सईदुल हसन, सुबहान और रजा है। मोहम्मद यूसुफ का सबसे छोटा बेटा मोहम्मद रजा पहली कक्षा में पढ़ता था। शनिवार दोपहर बाद गांव में ही कबड्डी का खेल देखने गया था। एक खिलाड़ी अमानत को चोट लगने का कारण मैच बंद हो गया था। इसके बाद सभी अपने-अपने घर लौट आए थे, लेकिन मोहम्मद रजा घर नहीं आया था। तलाश के बाद भी पता नहीं चलने पर परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। सोमवार देर शाम गांव की पश्चिम दिशा में स्थित नूर हसन के गन्ने के खेत में बालक का शव मिला। शव मिलने की सूचना परिजन मौके पर पहुंचे। भोजपुर थाना प्रभारी अमरनाथ वर्मा मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। एसपी देहात संदीप कुमार मीना फोरेंसिक टीम को साथ लेकर मौके पर पहुंच गए। इसके बाद साक्ष्य संकलन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बताया कि बच्चे के गले पर चोट के निशान हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

## बुखार से दो लोगों की मौत, डेंगू का लगातार बढ़ रहा कहर, 14 और लोग अस्पताल में भर्ती



मुरादाबाद -जिले में बुखार और डेंगू के कहर से लोगों की जान जा रही है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि प्रभावित इलाकों में शिविर लगवाए जा रहे हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव का कहना है कि यदि किसी को डेंगू या मलेरिया के लक्षण प्रतीत होते हैं तो वह हेल्पलाइन नंबर 0591-2411224 पर कॉल कर सकता है। जिले में बुखार व डेंगू का कहर कम नहीं हो रहा है। सोमवार को फिर बुखार ने ठाकुरद्वारा व कुंदरकी में दो लोगों की जान ले ली। ठाकुरद्वारा नगर निवासी बालाजी सिंधी (50) को पिछले कई दिनों से बुखार था। वह मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले थे। बाजार गंज में सराफा कारोबारियों के यहां सोना-चांदी के आभूषण गलाने और मरम्मत का काम करते थे। तेज बुखार के बाद उनकी प्लेटलेट्स 10 हजार रह गई थीं। उन्हें रविवार शाम काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार सुबह उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए सांगली महाराष्ट्र ले गए हैं। वहीं कुंदरकी के गांव गदीपुर निवासी खालिक हुसैन की 17 वर्षीय बेटी आयशा की जान गई है। उसे तीन दिन से तेज बुखार था, जिसे सामान्य मानकर परिजनों ने स्थानीय डॉक्टर से इलाज कराया, लेकिन कोई आराम नहीं हुआ। किशोरी की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर मुरादाबाद के निजी अस्पताल पहुंचे। यहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि बुखार के दौरान प्लेटलेट्स तेजी से कम होने के कारण किशोरी की मौत हुई है।

### अब तक जिले में डेंगू में 588 मरीज

सोमवार को 14 नए मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। अब तक जिले में कुल 588 मरीज मिल चुके हैं।

नए मरीजों में कुंदरकी, नागफनी, पूनम विहार, लाकड़ी, गोविंद नगर, पंडित नगला, मछली बाजार आदि क्षेत्रों के मरीज शामिल हैं। दो दिन छुट्टी के कारण बुखार के मरीजों की सैंपलिंग व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की संख्या कम हो गई है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव का कहना है कि यदि किसी को डेंगू या मलेरिया के लक्षण प्रतीत होते हैं तो वह हेल्पलाइन नंबर 0591-2411224 पर कॉल कर सकता है।

स्वास्थ्य विभाग मरीज को इलाज मुहैया कराएगा।

## संदिग्ध आतंकी अरशद वारसी की ससुराल में दूसरे दिन भी 3:30 घंटे तक टीमों ने की पूछताछ



मुरादाबाद- मुरादाबाद। संदिग्ध आतंकी अरशद वारसी की गिरफ्तारी के बाद खुफिया एजेंसियों ने दूसरे दिन मंगलवार को भी उसके ससुराल वाले घर में आकर करीब 3=30 घंटे तक पूछताछ है। हालांकि इस मामले में पुलिस अधिकारी किसी तरह की जानकारी होने से इनकार कर रहे हैं। संदिग्ध आतंकी अहमद वारसी के ससुराल कोतवाली थाना क्षेत्र में लाल मस्जिद के पास एक घर में है। अहमद वारसी मूर्त जा झारखंड का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि वह सोमवार को अपनी ससुराल आया हुआ था, जहां से उसे गिरफ्तार किया है।

## संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए जागरूकता जरूरी, इलाज के भी पर्याप्त प्रबंध हो



मुरादाबाद- मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से निकली जागरूकता रैली को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी, 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 3-31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की शुरुआत मंगलवार को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से निकली जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर किया। उन्होंने रोगों पर नियंत्रण के लिए जागरूकता पर जोर दिया। कहा मरीजों के इलाज के अस्पतालों में पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि यह अभियान पूरे महीने चलेगा। इसमें बुखार सहित अन्य संचारी रोगों के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। डेंगू, कोरोना आदि के बारे में लोगों को बताया जाएगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के नोडल उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संजीव बेलवाल ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत महानगर से लेकर ग्राम पंचायतों में सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। डेंगू, बुखार, कुष्ठ, क्षयरोग के नये मरीजों का सर्वे किया जाएगा। रोगों के नियंत्रण में नगर निगम, पंचायत राज, शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि विभागों के सहयोग से लोगों को जागरूक किया जाएगा। मोहल्लों और ग्राम पंचायतों में सफाई कर डेंगू मलेरिया से बचने के लिए मच्छरों के लार्वा न पनपें इसके प्रति जानकारी दी जाएगी। 17 अक्टूबर से घर घर दस्तक दी जाएगी। इसमें आशा स्वास्थ्य कर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लोगों को पंफलेट वितरित कर जागरूक करेंगी कि अपने घर के अंदर, छत, लान आदि में साफ पानी न जमा होने दें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें। कूलर का पानी नियमित बदलते रहें, फ्रिज की आइस ट्रे को साफ करते रहें। घरों की छतों पर रखे पुराने टायर, बर्तन आदि को हटा दें। जागरूकता रैली निकलने के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी पीएन यादव आदि मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



# जनता को लूटने का खेल आखिर कब तक चलेगा प्रतीक्षालय के नाम पर?

क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश कुमार तिवारी



एक एक तरफ जनता के हितों के लिए सरकार कर्ज लेकर खजाने खाली करते हुए योजनाओं का पिटारा लगातार खोलती चली जा रही है7 सरकार रेवड़ी की तरह योजनाओं को जनता के सामने लाकर रखती जा रही है लेकिन जनता के साथ छल का ही खेल खेला जा रहा है7 क्या प्रदेश की मुखिया या जनप्रतिनिधि के आंखों में पट्टी लगी हुई है या जानबूझकर अंधे बन बैठे हैं करोड़ों रुपए के प्रतीक्षालय के नाम पर जनता के साथ पहले ही ठगी की जा चुकी है पचास हज़ार से लेकर साठ हज़ार मे बनने वाले प्रतीक्षालय को ढाई लाख से लेकर साढ़े तीन लाख रुपए में बनाए गए हैं लेकिन आज उन प्रतीक्षालय की हालत ऐसी है कि या तो प्रतीक्षालय पूरी तरह टूट चुके हैं या खेतों में फेक जा चुके हैं या लोगों ने प्रतीक्षालय को अपने कब्जे में ले लिया है ,

बरदाहा घाटी जीरो मोड सिरमौर देवरी, सगी गांव लुका से हर दिन वर्तमान विधायक निकलते हैं लेकिन उनको टूटा हुआ प्रतीक्षालय आंखों से नहीं दिखाई देता है आखिर ऐसे प्रतीक्षालय बनाने का क्या मतलब जो एक बार टूट जाए उनको बनाया ना जा सके इससे अच्छा होता सीमेंट के पक्के जो कि कम लागत में तैयार भी होते और सालों साल तक चलते रहते टूटटे भी नहीं लेकिन आज जो प्रतीक्षा लेकर हालात हैं आखिर इसका जिम्मेदार कौन है क्या यह इसीलिए बनाए गए थे कि कम समय में टूट जाए इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा या यह सब प्रतीक्षालय भी कमीशन की भेंट चढ़ गए जनता जवाब जानना चाह रही है

# करौंदिया पंचायत में कार्य अधूरे राशि कार्य से ज्यादा निकाल लिया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
मानस मिश्रा



सिंगरौली जिले के तहसील चितरंगी अंर्तगत दुरस्थ पंचायत करौंदिया में स्थानीय लोगों का कहना है कि कई शोक पीट हैंडपंप के गड्ढे का कार्य कराए बिना ही पैसे निकाल लिया गया है इतना ही नहीं पिपरखड में जो आगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य हो रहा है उसकी भी राशि लगभग 3 लाख रुपए निकाल लिया गया लेकिन कार्य आगनवाड़ी भवन का सिर्फ 60 से 70 हजार रुपए के लगभग करवाया गया है और इतना ही एक आगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य खरखौली में हो रहा है उसकी भी राशि लगभग 3 लाख रुपए निकाल लिया गया है लेकिन कार्य अभी अधूरे ही है ठीक इसी तरह बेलदरा में एक बड़ा बांध बना हुआ था लेकिन सरपंच सचिव अपने फायदे के लिए शासन के पैसे का दुरुपयोग करते हुए उसी से लगभग 100 मीटर की दूरी पर एक और बड़ा बांध स्वीकृत कर दिया और वह भी अधूरा पड़ा है सामुदायिक स्वच्छता परिसर करौंदिया में उसकी भी राशि निकल गई है लेकिन वह भी अधूरा है और एक पुलिया निर्माण का कार्य प्रारंभ है उसकी गुणवक्ता कि जांच किया जाय और राशि कितना निकला है उसकी भी जांच किया जाय और कार्य कितना हुआ है उसकी भी जांच किया जाय इतना ही नहीं लोगों का कहना है कि इन कार्यों कि को मटेरियल के लिए बिल बनाई गई है वह भी ज्यादा मात्रा में बनाई गई है बिल और मटेरियल दोनो कि जांच करवाया जाएं जहां के सरपंच श्यामकली, सचिव अरविंद शर्मा और रोजगार सहायक निशा उपाध्याय है और लोगों कि मांग है अधिकारियों से कि करौंदिया पंचायत कि जांच कलेक्टर महोदय विधिवत् जांच दल गठित करवा कर जांच करवाया जाएं जो भी दोषी पाया जाए उसके ऊपर कार्यवाही किया जाय

# प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पेयजल स्वच्छता समिति का गठन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच




रिठौरा।राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यम से प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पेयजल स्वच्छता समिति का गठन किया गया , जिसमें पांच बच्चों को स्कूल की साफ सफाई की स्वच्छता का सदस्य बनाया गया और उनके कार्यों के दायित्व का बोध कराया गया। तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में पानी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया और उनको बताया गया कि पेयजल को किस तरीके से सुरक्षित एवं स्वच्छ रख सकते हैं। ब्लॉक बिथरी चैनपुर के प्राइमरी स्कूल कलारी में आर्ट प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उनमें से फर्स्ट ,सेकंड, थर्ड बच्चों को सेलेक्ट किया गया जिसमें बच्चों ने ड्राइंग बनाकर अच्छे से पार्टिसिपेट किया और साथ ही प्रिंसिपल शिखा अग्रवाल , सहायक अध्यापक और सभी कार्यकर्ता इसमें शामिल रहे। ड्राइंग प्रतियोगिता बिथरी चैनपुर के गांव कलारी में प्राथमिक विद्यालय कलारी में कराई गई। स्वच्छता क्लब का गठन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और बच्चों को पुरुस्कृत किया तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें शिक्षक अजीता ,पूजा, मनीषा ओर छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया और जिसमें से जिला समन्वयक अब्दुल अजीज, मुख्य समन्वयक प्रिंस यादव ,अरुण विश्वकर्मा, ट्रेनर अनिल प्रजापति, कोऑर्डिनेटर राहुल गुप्ता एंड ट्रेनर ललित आदि मौजूद रहे। सभी ग्राम वासियों को पेयजल के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत में सरकार द्वारा जो पानी की टंकी लगाई गई है इसका कनेक्शन देने के लिए जागरूक किया तथा इस पानी के महत्वता के बारे में विस्तार रूप से बताया।




# नागदा-गुलाटी होगे लेंक्सेस उधोग के नये मेन्यूफेक्करिग हेड

क्यूँ न लिखूँ सच -महेश कछावा

